प्रादेशिक समाचारं
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में आरएसएस स्मरण उत्सव में शिरकत करेंगे–डाक टिकिट और सिक्के का भी विमोचन करेंगें**
- **प्रदेश में मौसम बदला कई स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश–जैसलमेर में ओले गिरें**
- **अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर आज वृद्धजन कल्याण से जुडे कई कार्यक्रम होंगें**
- **महानवमी का पर्व आज परम्परागत आस्था के साथ मनाया जा रहा है–विजयादशमी कलं**

00000

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली में स्मरणोत्सव मनाया जायेगां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र में होने वाले इस समारोह में स्मारक डाक टिकिट और सिक्के का विमोचन करेंगें इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगें आरएसएस सरकार्यवाह दत्तादेय होसबाले और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहेंगें इस साल विजयादशमी से लेकर आरएसएस शताब्दी वर्ष समारोह अगले साल विजयादशमी तक मनाया जायेगां शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में भी कई कार्यक्रम रखे जा रहे हैं कल विजयादशमी पर पथ संचलन भी होगां आरएसएस की स्थापना एक स्वयं सेवक आधारित संगठन के रूप में की गई थीं इसका लक्ष्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी को बढावा देना हैं

00000

भारतीय रिज़र्व बैंक ने निष्क्रिय बैंक खातों और बकाया दावा नहीं की गई जमाराशियों के लिए नई योजना शुरू की हैं एक साल की अवधि वाली ये योजना आज से शुरू हो रही हैं इससे लोगों को अपने निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने और बैंकों से अपनी दावा नहीं की गई जमाराशियाँ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगां

00000

केन्द्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस में शामिल होने की आखिरी तारीख 30 सितम्बर से बढाकर 30 नवम्बर कर दी हैं इस फैसले से पात्र कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और दिवंगत कर्मचारियों के पति पत्नी के लिए एमपीएस से यूपीएस में बदलाव करने के लिए दो महीने का अतिरिक्त समय मिल जायेगां वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूपीएस के तहत हाल ही में कई बदलावों की घोषणा की गई है इसमें स्विच विकल्प, त्यागपत्र पर लाभ, अनिवार्य सेवानिवृत्ति और कर छूट शामिल हैं

00000

सेवा पखवाडे के तहत आज प्रदेश में दिव्यांगजनों को स्कूटी और सहायक उपकरण वितरित किये जा रहे हैं अजमेर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल मूक बधिर विद्यालय में दिव्यांगों को स्कूटी और उपकरण दियें सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से मूक बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में डेढ सौ और कोटडा में 75 विद्यार्थियों को श्रवण यंत्र और 40 दिव्यांगों को सहायक उपकरण दिये गयें वहीं पखवाडे के तहत प्रदेशभर के कई सिनेमाघरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म चलो जीते है दिखाई जा रही हैं भरतपुर के दर्शक वीरेन्द्र पचोरी ने फिल्म देखने के बाद कहा कि सभी को श्री मोदी के जीवन से सीख लेकर सेवा का संकल्प लेना चाहिएं

.....

0000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित 17 स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गईं बारिश का ये दौर अगले तीन–चार दिन बना रह सकता हैं मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर बारिश नागौर के नावा में हुई वहीं सवाईमाधोपुर` बोली में करीब 9 सेंटीमीटर पानी बरसां जैसलमेर के नाचना में ओले भी गिरें हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली हैं

.....

राजधानी जयपुर में शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला दो–तीन घंटे तक जारी रहां जयपुर हवाई अड्डे और आस–पास के क्षेत्र में करीब तीन इंच पानी बरसां वहीं अजमेर, भीलवाडा, अलवर, सीकर, कोटा, बाडमेर, जैसलमेर और चूरू सहित कई स्थानों पर भी तेज बारिश हुई इससे तापमान में गिरावट आई हैं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने आज भी 17 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट बताया हैं

.....

000

आज अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस हैं इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में गरिमा के साथ वृद्धावस्था थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं प्रदेश में इस अवसर पर कई कार्यक्रम होंगे, जिनमें बुजुर्गों के कल्याण के लिए काम करने वाली संस्थाओं और लोगों को सम्मानित किया जायेगां जयपुर में वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किये जाऐंगें इसके लिए जामडोली स्थित सामाजिक न्याय संकुल में विशेष शिविर आयोजित किया जायेगां वहीं बाडमेर जिला अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा हैं अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर निर्वाचन विभाग की ओर से शतायु मतदाताओं का सम्मान किया जायेगां पचांयत मुख्यालयों पर सम्मान समारोह आयोजित होंगें आज से ही समाज कल्याण सप्ताह भी शुरू हो रहा हैं इस दौरान कई गतिविधियां आयोजित की जायेंगीं

0000

आज से प्रदेश में स्कूलों, सरकारी अस्पतालों और आंगनबाडी केन्द्रों का समय बदल जायेगां प्रदेश में सरकारी और शिविरा पंचाग के अनुसार चलने वाले निजी स्कूल सुबह 10 से शाम चार बजे तक संचालित होंगें वहीं सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगीं राज्य के सभी आंगनबाडी केन्द्रों का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया हैं ये व्यवस्था अगले साल 31 मार्च तक लागू रहेगीं वहीं आज से वन्य जीव अभ्यारण्यों में नया पर्यटन सत्र शुरू हो रहा हैं

00000

देशभर में आज दुर्गा नवमी मनाई जा रही हैं इसे महानवमी भी कहा जाता हैं ये नवरात्र के नौवें और अंतिम दिन के रूप में मनाई जाती हैं इस दिन देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री रूप की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं कई स्थानों पर आज के दिन कन्या पूजन अनुष्ठान भी किया जाता हैं प्रदेशभर में दुर्गानवमी पर भक्तिमय माहौल बना हुआ हैं मंदिरों में विशेष आयोजन किये जा रहे है और दर्शनार्थियों की कतारे लगी हुई हैं करौली के प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैला देवी और मदन मोहन मंदिर में भारी संख्या में श्रृद्धालु पंहुच रहे हैं

.....

विजयादशमी पर्व कल मनाया जायेगां इस अवसर पर आज से ही कई जगह मेले भरेंगें कल रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का आतिशबाजी के साथ दहन किया जायेगां

0000